दिनांक 02.11.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महिलाओं ने निगम क्षेत्र के गली मोहल्लो तथा सार्वजनिक खुले स्थान पर मानव श्रृंखला बनाकर 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करे का नारा बुलंद किये।
राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से जुड़े भिलाई निगम क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर जब मोहल्ले में एकत्र हुई तो लोगो के लिए कौतुहल का विषय बन गया और देखते ही देखते मोहल्ले के अन्य महिलाएं उनसे जुड़ने लगी जो एक मानव श्रृंखला का रूप लेकर सभी ने शपथ लिए कि भव मुक्त होकर बिना किसी भेदभाव के जाति वर्ग से उपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करेगे। सभी ने 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपने और अपने मोहल्ले के सभी लोगो का मतदान करवाने का प्रण लिए अर्थात अपने मोहल्ले का शत् प्रतिशत मतदान करने का नारा लगाया। महिलाओ ने एक स्वर में कहा कि सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। इसी तरह का नजारा भिलाई निगम क्षेत्र के गौतम नगर सुपेला , शास्त्रीनगर, लक्ष्मीनारायण नगर, प्रगति नगर, राजीव नगर, माॅडल टाउन , कर्मा भवन कोहका , सेक्टर 10, छावनी बस्ती , कोसानगर श्रमिक क्षेत्र , सेक्टर 06, खुर्सीपार, अम्बेडकर नगर सहित लगभग 20 से अधिक मोहल्लों में मानव श्रृंखला बनाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दोहराया । युवा वोटरो को जागरूक करने निगम भिलाई द्वारा शुक्रवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार मैदान में प्रातः 7 बजे वोट फाॅर रन का आयोजन किया गया है , जिसमें 17 नवंबर को होने वाले मतदान में हर नागरिक अपना मतदान करे अर्थात शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए क्षेत्र के लोगो को प्रोत्साहित किया जाएगा।